प्रश्नोतर से संबंधित परिशिष्ट

परिशिष्ट ' छयानवे ' [15/3/2018]

मध्यप्रदेश विधान सभा सचिवालय

प्रश्न सं. [क्र. 3759]

प्रश्न

उत्तर भेजने का अंतिम दिनांक 08/03/2018

वर्गः 1 सदन में उत्तर देने का दिनांक : 15/03/2018 **विभाग का नाम पंचायत एवं ग्रामीण विकास**

विषयः– मनरेगा अंतर्गत आवंटित राशि ।

(अतारांकित प्रश्न क्रमांक 3759) सुश्री मीना सिंह

क्या पंचायत, मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :–

(क) केन्द्र शासन से राज्य शासन को मनरेगा अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2014–15 से प्रश्न दिनांक तक कितनी–कितनी राशि किस–किस मद में आंवटित की गई ?

(ख) मनरेगा अंतर्गत प्रश्नांश (क) में उल्लेखित बजट के अनुक्रम में जिला उमरिया को कितनी राशि प्रदाय की गई एवं इसके विरूद्ध कितनी राशि के कार्य किये गये ?

(ग) विधानसभा क्षेत्र मानपुर में मनरेगा अंतर्गत विगत तीन वर्षो के समूह मूलक एवं हितग्राही मूलक कौन–कौन से कार्य पूर्ण हुये है जिनका भुगतान कार्य पूर्ण होने के पश्चात आज भी लंबित है ?

(घ) प्रश्नांश (ग) के संदर्भ में लंबित प्रकरणों का भुगतान कब तक होगा ? क्या इसके लिये प्रभावी कार्यवाही की जावेगी ? यदि हां तो कब तक सर्वसंबधितों को भुगतान होगा ?

अतारांकित प्रश्न क्र. 3759

उत्तर

श्री गोपाल भार्गव, मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास

(क) केन्द्र शासन से राज्य शासन को मनरेगा अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2014–15 से प्रश्न दिनांक तक आवंटित राशि की जानकारी परिशिष्ट **''अ''** अनुसार है।

(ख) वित्तीय वर्ष 2014–15 में उमरिया जिले को राशि रूपये 5290.00 लाख आवंटित की गई। वित्तीय वर्ष 2015–16 तथा उसके पश्चात ईएफएमएस एवं एनईएफएमएस प्रक्रिया लागू होने के कारण मुख्यालय द्वारा वर्ष 2015–16 में राशि रूपये 1133.98 लाख, वित्तीय वर्ष 2016–17 में राशि रूपये 82.00 लाख एवं वित्तीय वर्ष 2017–18 में राशि रू. 78.77 लाख प्रशासनिक मद में आवंटित की गई।व्यय राशि का विवरण परिशिष्ट **''ब''** में उल्लेखित है।

(ग) जी नहीं। ऐसा कोई कार्य विधानसभा क्षेत्र मानपुर में नहीं है, जो पूर्ण हुआ है, परन्तु भुगतान लंबित है।

(घ) उत्तरांश **''ग''** के परिप्रेक्ष्य में शेष प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।

एस. आर. सरवर
संयुक्त आयुक्त ...

विधानसभा अतारांकित प्रश्न क्रमांक **3759** द्वारा श्री माननीय सुश्री मीना सिंह जी

परिशिष्ट"अ"

महात्मा गांधी राज्य रोजगार गारंटी योजना

वित्तीय वर्ष 2014–15 से वर्ष 2017–18 तक केन्द्र शासन से प्राप्त अनुदान राशि की जानकारी

(राशि रू. लाख में)

क्रमांक	वित्तीय वर्ष	केन्द्र शासन से सामग्री, मजदूरी एंव प्रशासकीय व्यय में प्राप्त आवंटन
01	02	03
1	2014–15	**245163.07**
2	2015–16	**236732.18**

(राशि रू. लाख में)

क्रमांक	वित्तीय वर्ष	केन्द्र शासन से मजदूरी मद मे प्रावधानित राशि	केन्द्र शासन से सामग्री व प्रशासनिक मद में आवंटित राशि
01	02	03	04
1	2016–17	61885.23	283140.15
2	2017–18	265495.58	107703.28

वित्तीय वर्ष 2016–17 के नवम्बर 2016 से मजदूरी एवं सामग्री हेतु पृथक आवंटन प्राप्त होना प्रारंभ हुआ है। इसके पूर्व वर्षों में पृथक आवंटन प्राप्त नहीं होता था। अतः पृथक Table बनाया गया है।

एस. आर. सरवर
संयुक्त आयुक्त (वित्त / लेखा)
म.प्र. राज्य रोजगार गारंटी परिषद
भोपाल (म. प्र.)

E:\Admin Exp. 2016-17 & 31-07-17-18\finance information.docx

परिशिष्ट "ब"

विधानसभा अतारांकित प्रश्न क्रमांक 3759 द्वारा माननीय सुश्री मीना सिंह, मनरेगा अंतर्गत आवंटित राशि के संबंध में

(राशि रू. लाख में)

क्रमांक	जिले का नाम	वित्तीय वर्ष	आवंटित राशि	व्यय राशि
1	2	3	4	5
1	उमरिया	2014–15	5290.00	4853.01
2		2015–16	1133.98	3397.74
3		2016–17	82.00	4908.70
4		2017–18	78.77	4866.36

एस. आर. सरवर
संयुक्त आयुक्त (वित्त/लेखा)
म.प्र. राज्य रोजगार गारंटी परिषद
भोपाल (म. प्र.)